आकाशवाणी शिमला
22.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

निपटारा

राज्य निर्वाचन विभाग को प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के उपरांत अभी तक एक हजार चार सौ 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से विभाग ने एक हजार दो सौ 35 शिकायतों का समाधान कर दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में कहा कि अब तक प्राप्त शिकायतों में से 88 प्रतिशत का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ये शिकायतें टोल फ्री नम्बर जिला संपर्क केंद्रों नोडल अधिकारियों और सीविजिल एप्प के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि स्पीति के काजा में भाजपा की चुनाव रैली में बाधा डालने की शिकायत की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं।

विक्रमादित्य

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने आशंका जताई है कि प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आते ही कर्मचारियों के लिए लागू की गई ओल्ड पैंशन स्कीम को बंद कर दिया जाएगा। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजस्थान में सत्ता में आते ही ओपीएस को बदं कर दिया है। विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर महिला सम्मान राशि मामले में बेवजह अडंगा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस इस योजना को बंद नहीं होने देगी और लोकसभा चुनाव के बाद दो महीने की सम्मान राशि एक साथ पात्र महिलाओं को दी जाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि उनका एक मात्र लक्ष्य मंडी संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाना है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रणौत को इतिहास की कोई जानकारी नहीं है और उन्हें जो स्क्रिप्ट लिखकर दी जा रही है कंगना उसे ही पढ़ रही है।

चन्द्रशेखर

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व विधायक चन्द्रशेखर ने आरोप लगाया है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश की महिलाओं को मिलने वाली 15 सौ रूपए की सम्मान राशि को रूकवाने के लिए चुनाव आयोग से दबाव डाल रहे हैं। चन्द्रशेखर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि इस गलती के लिए प्रदेश की महिलाएं भाजपा को माफ नही करेगी। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर द्वारा बार–बार चुनी हुई सरकार को गिराने की बातें करना लोकतंत्र का अपमान है। चन्द्रशेखर ने कहा कि भाजपा जीतने मर्जी षडयंत्र कर लें सुक्खू सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल अवश्य ही पूरा करेगी।

विभागीय परीक्षा

हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा और अन्य सभी राजपत्रित अधिकारी और पात्र अराजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया गया है। अब ये परीक्षाएं पहली जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित होगी। पहले ये परीक्षाएं एक जुलाई से 9 जुलाई तक निर्धारित की गई थी। विभागीय परीक्षा बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने आज शिमला में कहा कि इन परीक्षाओं का आयोजन संशोधित समय सारिणी के अनुसार राजकीय महाविद्यालय संजौली में होगा। उन्होंने कहा कि पेपर संख्या एक वित्तीय प्रशासन के लिए मण्डी और धर्मशाला में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र मानव संपदा पोर्टल से 24 जून के बाद डाउनलोड कर सकते हैं।

निष्कासन खत्म

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी से निष्कासित नेता विजय पाल खाची के निष्कासन को तत्काल प्रभाव से खत्म कर उन्हें फिर से पार्टी में लेने की घोषणा की है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने शिमला में कहा कि खाची का निष्कासन पार्टी की अनुशासन समिति की अध्यक्ष विप्लव ठाकुर की सिफारिश पर समाप्त किया गया है। विजयपाल खाची, पूर्व मंत्री स्वर्गीय जय बिहारी लाल खाची के पुत्र हैं और कांग्रेस में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अलावा पंचायतीराज संस्थाओं और फल उत्पादक संघ में भी सक्रिय रहे हैं।

साईकिल रैली

हिमाचल प्रदेश साईकलिंग एसोसिएशन मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए 26 मई को प्रदेश के 10 जिलों में साईकिल रैली का आयोजन करेगी। ये साईकिल रैली हर जिला में 15–15 किलोमीटर की दूरी तक निकाली जाएगी और इस दौरान साईकिल सवार मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। एसोसिएशन के प्रवक्ता विपुल सूद ने शिमला में कहा कि ये रैली शिमला, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, चंबा, सोलन, लाहौल स्पिति, बिलासपुर, सिरमौर और हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। साईकिल रैली के दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इनमें नारा लेखन, सबसे आकर्षक साईकलिंग पोषाक, सबसे आकर्षक साईकिल, सबसे कम उम्र का पुरूष अथवा महिला साईकिल सवार और सबसे बुजुर्ग पुरूष और महिला साईकिल सवार शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि इस रैली के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है।